आगरा में इनर रिंग रोड के किनारे बनेगा विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर

चर्चा में क्यों?

16 अगस्त, 2023 को आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) के उपाध्यक्ष चर्चित गौड़ ने बताया कि आगरा में इनर रिंग रोड स्थित एत्मादपुर मदरा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये 140 करोड़ रुपए की लागत से विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर बनेगा।

प्रमुख बिंदु

- चर्चित गौड़ ने बताया कि 7.4418 हेक्टेयर में आकार लेने वाले इस कन्वेंशन सेंटर की डीपीआर के लिये सैद्धांतिक मंज़ूरी मिल गई है। लखनऊ में अपर मुख्य सचिव शहरी आवास नितिन रमेश गोकर्ण के समक्ष एडीए ने प्रजेंटेशन दिया।
- आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि एत्मादपुर मदरा में 7.4418 हेक्टेयर भूमि पर एडीए भूमि अर्जन कर चुका है। कन्वेंशन सेंटर की डीपीआर के लिये प्रस्ताव भेजा था। इसकी स्वीकृति मिल गई है। अब इसे तैयार करने की कार्ययोजना पर काम होगा।
- इस कन्वेंशन सेंटर में भव्य ऑडिटोरियम, मीटिंग व कॉन्फ्रेंस हॉल, स्टेज के अलावा होटल भी होंगे, जहाँ पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएँ मिलेंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-class-convention-centre-to-be-built-in-agra